Govt.of
MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

**OFFICE OF THE FIELD DIRECTOR**

**Panna Tiger Reserve**

**Panna, Madhya Pradesh, (India)**

Phone No. +917732-252135 (O) Fax, +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com Website:
www.pannatigerreserve.in

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

# – हांथी राशन निविदा प्रपत्र –

**कार्यालय उपयोग हेतु**

1. क्रमांक ...............................
2. दिनांक ................................
3. अधिकारी के हस्ताक्षर एवं
   सील .......................................................

## सामान्य जानकारी :–

**1.** निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में दिनांक 12.09.2022 तक 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

**2.** निविदा जमा करने की तिथि 12.09.2022 समय दोपहर 1:30 बजे तक है एवं उसी दिन समय दोपहर 3:00 बजे से कार्यालय क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना में अधिकृत अधिकारी के द्वारा निविदाकारों के समक्ष निविदा खोली जावेगी।

**3.** निविदा फार्म भाग–1 (तकनीकी विड) एवं निविदा फार्म भाग–2 (वित्तीय विड) पृथक–पृथक लिफाफे में भरकर दिनांक 12.09.2022 दोपहर 1:30 बजे तक जमा करें।

4. प्रिविड मीटिंग दिनांक 30.08.2022 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना मध्य प्रदेश।

5. निविदाकार अपने साथ अधिकतम 01 व्यक्ति को ही साथ लायें।

# <u>निविदा फार्म भाग–1 (तकनीकी विड)</u>

## (निविदाकार द्वारा भरा जाये)

**प्रति,**

**क्षेत्र संचालक**
**पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म.प्र.)**

**विषयः–पन्ना टाईगर रिजर्व अन्तर्गत हाथियों के राशन हेतु सामग्री का प्रदाय बावत्।**

1– व्यापारी/सस्था का नाम

2– स्थायी पता

3– दूरभाष क्रमांक/मोबाईल नम्बर

4– व्यापारी/संस्था के मालिक का नाम,

5– स्थायी पता

6– ई–मेल आई0डी0

7– पंजीयन प्रमाण–पत्र का
क्रमांक/दिनांक

8– GST नम्बर

9– पेन नम्बर एवं आयकर रिटर्न की जानकारी

10– कम्पनी के अधिकृत डीलर/विक्रेता होने का प्रमाण पत्र

11– आपकी संस्था का विगत 3 वर्ष का टर्नओव्हर

12– संस्था का अनुभव
(शासकीय–अशासकीय संस्थाओं को
प्रदाय सामग्री की जानकारी किया गया)

13– आपकी संस्था को काली सूची मे किसी शासकीय संस्था/अन्य द्वारा
दर्ज करने की जानकारी या अधिरोपित जुर्माने की जानकारी

14– प्रदाय की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता से संबंधित जानकारी एवं प्रमाण पत्र

15– ई.एम.डी. (सत्यंकार निधि की जानकारी) की राशि का ड्राफ्ट क्रमांक व दिनांक
(ड्राफ्ट संलग्न करें)

| **बैंक का नाम** | **ड्राफ्ट क्रमांक** | **दिनांक** | **राशि (रू0 में)** |
|---|---|---|---|
| | | | |

स्थान– ....................................

दिनांक– ....................................

**निविदा पत्रक से संबंधित समस्त शर्तो का मेरे द्वारा अध्ययन किया गया एवं उनसे में अपनी सहमति देता हूँ।**

**संलग्न :– निम्नानुसार**

**1–**

**2–**

**3–**

**4–**

**(निविदाकार के हस्ताक्षर)**
**मय सील के**

# निविदा फार्म भाग–2 (वित्तीय विड)

## (निविदाकार द्वारा भरा जावे)

प्रति,

**क्षेत्र संचालक,**
**पन्ना टाईगर रिजर्व,पन्ना (म0प्र0)**

**विषय :–** **पन्ना टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत हाथियों के लिये उपयोग हेतु निम्नानुसार सामग्री की आवश्यकता।**

**––––00––––**

| **क्र0** | **सामग्री का विवरण** | **निविदा दर (पूर्ण रुपए में GST सहित )** | |
|---|---|---|---|
| | | एफ.ओ.आर. हिनौता | |
| | | अंकों में | शब्दों में |
| 1 | गेंहू का आटा – उत्तम गुणवत्ता | | |
| 2 | चावल मोंटा – उत्तम गुणवत्ता | | |
| 3 | साबुत चने (काला) का आटा – उत्तम गुणवत्ता | | |
| 4 | गेंहू का दलिया – उत्तम गुणवत्ता | | |
| 5 | गुड़ (पारीवाला) – उत्तम गुणवत्ता | | |

**निविदा पत्रक से संबंधित समस्त शर्तो का मेरे द्वारा अध्ययन किया गया एवं उनसे में अपनी सहमति देता हूँ।**

स्थान

दिनांक

**(निविदाकार के हस्ताक्षर)**
**मय सील के**

Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

**Office of the Field Director**

**Panna Tiger Reserve**

**Panna, Madhya Pradesh, (India)**

Phone No. +917732-252135 (O) Fax, +917732-252120

**E-mail: fdptr82@gmail.com Website: www.pannatigerreserve.in**

Govt.of MadhyaPradesh

पन्ना टाईगर रिजर्व

# निविदा प्रपत्र भरने एवं प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में निर्देश

1. निविदा प्रपत्र की फोटो प्रति मान्य नहीं है। अतः निविदा भरने हेतु कार्यालय से प्राप्त किये गये मूल निविदा प्रपत्र का ही उपयोग करें।
2. निविदा प्रपत्र भरने के पूर्व सामग्री का विस्तृत विवरण, निविदा की शर्तो आदि का भलिभॉंति अध्ययन करें। इस सम्बन्ध में अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु क्षेत्र संचालक कार्यालय पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना फोन नं. 07732–252135 अथवा व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र को साफ–साफ भरें। कहीं भी ओवर राइटिंग नहीं करें। यदि कहीं पर सुधार करना है तो पहले की गई प्रविष्टी को पूरा काटकर नई जानकारी लिखें एवं वहॉ पर अपने हस्ताक्षर भी करें।
4. निविदा प्रपत्र की सभी प्रविष्टियों को पूर्ण करें। यदि कोई पृविष्टि आप से सम्बन्धित नहीं है तो उसको भी खाली नहीं छोड़े बल्कि वहॉ पर ''लागू नहीं'' अंकित करें।
5. निविदा प्रपत्र के साथ प्रतिभूति राशि बैक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक लगाना न भूलें।
6. निविदा की शर्तों पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करें।
7. निविदा प्रपत्र के लिफाफे को डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक तथा अन्य दस्तावेजों के साथ बंद करके सील करें, तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड के प्रपत्र एवं संबंधित दस्तावेज पृथक–पृथक लिफाफे में रखें। इस लिफाफे के बायें, नीचे के कोने पर अपना नाम एवं पता लिखें इस लिफाफे के ऊपर विज्ञापन क्रमांक तथा निविदा खोले जाने की तारीख अंकित करें। अपूर्ण निविदा प्रपत्र अमान्य कर दिये जावेंगे।
8. कृपया यह सुनिश्चित करें कि निविदा प्रपत्र निर्धारित तिथि तथा समय तक कार्यालय को प्राप्त हो जायें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्रस्तुत की गई निविदा मान्य नहीं की जावेगी। समय के सम्बन्ध में उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व का निर्णय अंतिम होगा।
9. निविदाकार सूचित हों कि किसी ऐसी दशा मे जब निविदा से सम्बन्धित किसी नियम या स्थिति के सम्बन्ध में कोई अस्पष्टता या भ्रम हो तो ऐसी स्थिति में, चाहे निविदा मे उस सम्बन्ध मे कोई संदर्भ मौजूद हो या न हो उसकी स्वाभाविक व्याख्या इस प्रकार से होगी कि उसका लाभ विभाग को मिले।

**(आदेशार्थ)**
**उप संचालक**
**पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म.प्र.)**

**(कार्यालयीन पत्र क्रमांक/व्यय/1218 दिनांक 23.08.2022 से प्रकाशन हेतु भेजी गई निविदा की निविदा शर्तें)**

1. निविदा फार्म में प्रदाय की जाने वाली सामग्री की दरें अंकों तथा शब्दों में स्पष्ट रूप से अंकित की जावें, जिसमें शासन द्वारा लागू GST सम्मिलित रहेगा।
2. प्रत्येक निविदाकार को निविदा के साथ न्यूनतम रुपये 10,000/-(दस हजार रुपए मात्र) सत्याकार राशि के तौर पर बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है, जो ''**DEPUTY DIRECTOR, PANNA NATIONAL PARK PANNA**'' के पक्ष में देय होगी।
3. सशर्त दी गई निविदा विचार योग्य नहीं मानी जावेगी।
4. क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व को अधिकार होगा कि वह समस्त अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार कर सकें।
5. सामग्री, प्रदाय आदेश प्रदान करने के 15 दिवस के अन्दर निर्देशित स्थल पर प्रदाय की जावे। दी गई समयावधि में सामग्री प्रदाय करने में असफल रहने पर बाजार दर पर सामग्री क्रय कर ली जावेगी तथा अंतर की राशि ई.एम.डी. से काट ली जावेगी।
6. प्रत्येक निविदाकार खाद्य विभाग से जारी बैद्य पंजीयन पत्र आयकर विभाग द्वारा जारी पेन नम्बर, वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी GST नम्बर की सत्यापित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदाकार या फर्म के नाम काली सूची में दर्ज नहीं होना चाहिये।
8. प्रदाय की जाने वाली सामग्री उच्च कोटि (Approved Make) की होना चाहिये।
9. निश्चित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा अमान्य की जावेगी।
10. निविदा में दर्शायी गई सामग्री की मात्रा घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है।
11. किसी भी विवाद की स्थिति में क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व का निर्णय अतिम एवं बंधनकारी होगा।
12. प्रदाय सामग्री (Approved Make) निर्धारित माप दण्ड की न पाये जाने पर वापस की जावेगी, जिसका परिवहन एवं अन्य व्यय निविदाकार से वसूली योग्य होगा।
13. सामग्री परिक्षेत्र अधिकारी हिनौता अथवा उनके अधिकृत कर्मचारी को स्थल पर गिन/नाप/तौल कर दी जावेगी।
14. सामग्री की बतायी गई मात्रा अनुमानित है एवं वास्तविक मात्रा कार्य आदेश में घटाई/ बढ़ाई जा सकती है। भुगतान सामग्री की वास्तविक मात्रा के आधार पर ही किया जावेगा।

15. भुगतान बिल से, शासन नियमों के अनुरूप निर्धारित दर पर टी0डी0एस0 की कटौती की जावेगी।

16. इस सूचना से सम्बन्धित कार्यों से उत्पन्न मदभेद/विवाद पन्ना स्थित सक्षम न्यायालय में ही मान्य होगा।

17. दरें भरने के पूर्व किसी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी हेतु उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व/कार्यालय से दूरभाष 07732—252135 पर अथवा ईमेल आई.डी.— fdptr82@gmail.com से सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त कार्य संबंधित किसी भी बिन्दु से स्पष्ट नहीं होने अथवा समझ में नहीं आने के कारण को मान्य नहीं किया जावेगा।

18. निविदा के साथ निविदा प्रपत्र उल्लेखित सामग्री का सैंपल 250 ग्राम के पैकेट में पृथक—पृथक निविदा के साथ लाना अनिवार्य है।

19. आपके द्वारा प्रदाय किये जाने वाला राशन हाथियों को खिलाया जावेगा। इस हेतु राशन प्रदाय करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि राशन में किसी भी प्रकार के केमिकल का उपयोग न हुआ हो।

20. निविदाकार सूचित हों कि किसी ऐसी दशा मे जब निविदा से सम्बन्धित किसी नियम या स्थिति के सम्बन्ध में कोई अस्पष्टता या भ्रम हो तो ऐसी स्थिति में, चाहे निविदा मे उस सम्बन्ध मे कोई संदर्भ मौजूद हो या न हो उसकी स्वाभाविक व्याख्या इस प्रकार से होगी कि उसका लाभ विभाग को मिले।

**स्थान :**

**दिनांक :**

**(निविदाकार के हस्ताक्षर)**

**पूरा नाम :**

**पूरा पता :**

**दूरभाष क्रमांक :**